>

Title: Need to provide financial relief to the people affected by flood in Kolhapur and Ichalkaranji regions of Maharashtra - laid.

श्रीमती निवेदिता माने (इचलकरंजी) : महोदय, मैं सरकार का ध्यान महाराÂष्ट्र के कोल्हापुर और इचलकरंजी क्षेत्रों में इस सीजन में आयी भयंकर बाढ़ की और आकर्Â िंात करना चाहती हूं।

महोदय, इन क्षेत्रों में जब जब बरसात का सीजन आता है यहां बाढ़ आना निश्चित है। इन क्षेत्रों में बाढ़ का मुख्य कारण भारी बारिश के साथ-साथ अलभाटी बांध से भारी मात्रा में पानी का छोड़ा जाना रहा है।

महोदय, इन क्षेत्रों में करीब 10,000 हैक्टेयर जमीन हाल ही में आयी बाढ़ की चपेट से प्रभावित हुई है। करीब 1000 लाख रूपये तक की सार्वजनिक तथा निजी सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। बाढ़ की वजह से कई लोगों की अकाल मृत्यु हो गई और हजारों लोग बेघर हो गए।

अतः मैं सरकार से यह मांग करती हूं कि उपरोक्त बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिन व्यक्तियों की अकाल मृत्यु हो गई है, उनके परिजनों को 10 लाख रूपये तक की केन्द्रीय आर्थिक सहायता जल्द से जल्द उपलबध करायी जाये, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों के कर्जे को माफ किया जाये और उन्हें बीज तथा खाद मुफ्त में उपलब्ध करायी जाये, भूमिहीन मजदूरों के लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था की जाए, इन क्षेत्रों की सड़कों को ऊंची करने एवं कंकरीट का बनाने हेतु केन्द्रीय धन उपलब्ध किया जाये और हर साल बाढ़ की समस्या से निजात पाने हेतु इस समस्या का स्थायी हल निकाला जाये।